03/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री एवं उत्तर पूर्वी परिषद (NEC) के अध्यक्ष अमित शाह कल मेघालय के शिलांग में NEC के तीहतरवें पूर्ण अधिवेशन की अध्यक्षता करेंगे। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) ने बताया कि इस अधिवेशन में क्षेत्रीय विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए गठित मुख्यमंत्रियों के उच्चस्तरीय टास्क फोर्सों द्वारा की गई प्रगति पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। इन चर्चाओं से राज्यों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वित कार्रवाई को बढ़ावा मिलने तथा साझा विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलने की उम्मीद है। अधिवेशन में **'नॉर्थ ईस्ट विजन प्लान 2047'** पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को आर्थिक विकास, संपर्क व्यवस्था, नवाचार, सतत विकास और सांस्कृतिक समृद्धि के एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करना है। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू आज शिलांग पहुंचे, जहां वे उत्तर पूर्वी परिषद के तीहत्तरवें पूर्ण अधिवेशन तथा नॉर्थ ईस्टर्न स्पेस एप्लीकेशन्स सेंटर की बैठक में भाग लेंगे।

0000000000000000000000000

केंद्रीय विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मारघेरिटा शुक्रवार से अरुणाचल प्रदेश के लोअर सियाङ जिले के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री जिले में चल रही विभिन्न आधारभूत संरचना एवं विकास परियोजनाओं का व्यापक निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा वे जिला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे, जिसमें विकास गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी तथा जिले के कल्याण और प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। दौरे की तैयारियों के तहत लोअर सियाङ जिला प्रशासन ने एक समन्वय बैठक आयोजित कर केंद्रीय मंत्री के जिले के सुचारु एवं सफल दौरे के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

0000000000000000000000000

केंद्रीय रेशम बोर्ड के संयुक्त सचिव (तकनीकी) डॉ. नरेश बाबू एन. के नेतृत्व में एक दल ने आज ईटानगर में वस्त्र एवं हथकरघा आयुक्त मिमुन तायेङ के साथ बैठक की। दौरे के दौरान दल ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा हाल ही में घोषित रेशम उत्पादन से संबंधित पांच प्रमुख पहलों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। टीम ने अरुणाचल प्रदेश में रेशम क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर संभावनाओं और कार्यान्वयन रणनीतियों की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय निरीक्षण भी किया।

0000000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम ने आज निरजुली के वार्ड संख्या-उन्नीस में एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों द्वारा सार्वजनिक असुविधा, यातायात बाधा और कचरा प्रबंधन में आ रही रुकावटों संबंधी लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई। अभियान को अरुणाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 2019 की धारा दो सौ सैतालीस के तहत संचालित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त खोदा लासा ने कहा कि सार्वजनिक सुविधा, स्वच्छता तथा सुव्यवस्थित शहरी प्रशासन की बहाली के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक

0000000000000000000000000

पासीघाट स्थित सियांग गेस्ट हाउस में आयोजित दो दिवसीय GST जागरूकता सह व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। CGST एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, पासीघाट रेंज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में करदाताओं, व्यापारियों, व्यवसाय मालिकों, उद्यमियों, कर सलाहकारों तथा स्थानीय व्यापारिक समुदाय के सदस्यों सहित लगभग पचास से साठ हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के विभिन्न पहलुओं जैसे GST पंजीकरण, रिटर्न दाखिल करना, चालान प्रणाली, इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC), अभिलेखों का रख-रखाव, GST पोर्टल की कार्यप्रणाली, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं तथा जीएसटी के अंतर्गत अपराधों और दंड संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

0000000000000000000000000

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की एक रणनीतिक बैठक जिला मुख्यालय ज़ीरो में आयोजित की गई। लोअर सुबनसिरी उपायुक्त ओली परमे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में स्थानीय जल अवसंरचना को सुदृढ़ करने, विशेषीकृत जमीनी तकनीकी टीमों के गठन तथा ग्रामीण जलापूर्ति प्रणालियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए टिकाऊ बनाए रखने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में संस्थागत ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीण स्वच्छता की प्रगति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार व्यापक कार्यसूची पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000000

कई पान्योर जिला प्रशासन ने आज याचुली स्थित जिला सचिवालय भवन परिसर तथा मंडलीय आयुक्त (वेस्ट) के मुख्य द्वार के आसपास सामूहिक कॉसमॉस पुष्पारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वच्छ, हरित और सुंदर सार्वजनिक स्थलों के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में समुदाय की निरंतर भागीदारी का आह्वान किया।

0000000000000000000000000

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आज सुबह आग लगने की घटना में इक्कीस लोगों की मृत्यु हुई, जबकि चालीस अन्य

लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दक्षिण दिल्ली के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि आठ दमकल वाहनों की सहायता से आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से चालीस से अधिक लोगों को बचाकर उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

0000000000000000000000000